रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 51] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 20—दिसम्बर 26, 2003 (अग्रहायण 29, 1925)

No. 51] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 20—DECEBMER 26, 2003 (AGRA' IAYANA 29, 1925)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

भाग I--खण्ड-1--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं 1489

भाग I--खण्ड-2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 1021

भाग I--खण्ड-3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 5

भाग I--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं 1673

भाग II--खण्ड-1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम *

भाग II--खण्ड-1क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ *

भाग II--खण्ड-2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट *

भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) *

भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं *

भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) *

भाग II--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश *

भाग III--खण्ड-1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 1671

भाग III--खण्ड-2--पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस 5213

भाग III--खण्ड-3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं *

भाग III--खण्ड-4--विधिक अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं 9869

भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस 437

भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक *

CONTENTS

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1489

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1021

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence 5

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 1673

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations . *

PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) . . . . . *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India 1671

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs 5213

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners . . . . . —

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 9869

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies 437

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi . . . . . *

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]
[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]
[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 21 नवम्बर 2003

सं. 251-प्रेज/2003--राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को अत्यन्त असाधारण वीरता के लिए "अशोक चक्र" प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :--

9423984 पैराट्रूपर संजोग छेत्री

9 पैराट्रूपर (विशेष बल) (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 22 अप्रैल, 2003)

पैराट्रूपर संजोग छेत्री जम्मू-कश्मीर के हिल काका में खोज तथा सफाया अभियान में लगी सैन्य टुकड़ी में शामिल थे। यह पर्वतीय भू-भाग जिसमें अनेक खड़ी चट्टानें और नाले थे तथा दो फुट बर्फ जमी हुई थी जिससे आगे बढ़ना अत्यधिक दुष्कर हो गया था।

काफी लम्बे और दुष्कर रास्ते से लक्षित क्षेत्र तक पहुंचने पर 22 अप्रैल, 2003 को पौ फटते ही 20 कार्मिकों की इस पूरी टुकड़ी पर ऊंचाई पर स्थित आतंकवादियों के छिपने के एक ठिकाने से तीन तरफ से स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू हो गई जिससे लगभग तीस मिनट तक संपूर्ण सैन्य टुकड़ी इसमें घिरी रही। यह भांपते हुए कि आतंकवादियों की गोलीबारी को रोकने में और अधिक विलंब हुआ तो हमारे सैनिकों को भारी नुकसान हो सकता है,पैराट्रूपर संजोग छेत्री ने आड़ से निकलते हुए आंतकवादियों की ओर दो हथगोले फेंके जिससे उनको गोलीबारी में व्यवधान आ गया। उन्होंने आतंकवादियों की ओर एकदम खड़ी ढलान पर चढ़ना शुरू किया। इस बीच आतंकवादियों ने पुन: इकट्ठे होकर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। अब तक पैराट्रूपर छेत्री के पास हथगोले समाप्त हो गए थे। तथापि, वे एक दिशा से आगे पहुंचने में कामयाब हो गए तथा आतंकवादियों पर टूट पड़े और दो आतंकवादियों को मार गिराया। इससे बाकी आतंकवादी भौंचक्के रह गए तथा सब ने एक साथ पैराट्रूपर छेत्री पर गोलीबारी शुरू कर दी। इससे शेष सैनिकों को आतंकवादियों की घनी गोलीबारी से निकलने में आसानी हो गई तथा वे जवाबी गोलीबारी करने के लिए बेहतर स्थान पर पहुंच गए।

आतंकवादियों की घनी गोलीबारी से बिना विचलित हुए व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना पैराट्रूपर छेत्री ने आगे बढ़ना जारी रखा तथा बिल्कुल नजदीक से एक और आतंकवादी को मार डाला। इस लड़ाई में उनको गोलियों के अनेक घाव लगे जिनके कारण बाद में वीरगति को प्राप्त हो गए। इस वीरतापूर्ण कार्रवाई से प्रेरित होकर अन्य सैनिकों ने एक आतंकवादी को जिन्दा पकड़ लिया तथा भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद तथा विस्फोटक बरामद करने के अलावा 13 आतंकवादियों का सफाया कर दिया।

इस प्रकार, पैराट्रूपर संजोग छेत्री ने अत्यंत असाधारण शौर्य और वीरता का प्रदर्शन किया तथा साथी सैनिकों के प्रति चिंता का परिचय देते हुए भारतीय सेना की उच्चतम् परम्पराओं के अनुरूप सर्वोच्च बलिदान दिया।

बरुण मित्रा
निदेशक

संख्या 252–प्रेज/2003 – राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "शौर्य चक" प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं:–

1. **श्री गुलजार अहमद डार,**
कांस्टेबल, जम्मू-कश्मीर पुलिस (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 04 मार्च, 2002)

04 मार्च, 2002 को लगभग 1230 बजे एक विशिष्ट सूचना के आधार पर शेरवानी कॉलोनी, ख्वाजा बाग, बारामूला में 10 जम्मू-कश्मीर राइफल की सैन्य टुकड़ी की सहायता से एसओजी द्वारा एक संयुक्त सैन्य कार्रवाई शुरू की गई थी । यह सैन्य कार्रवाई बारामूला के पुलिस अधीक्षक (आप.) श्री दीपक कुमार रत्नाथिया की कमान व नियंत्रण में की गई थी ।

मजबूत घेराबंदी करने के बाद घरों की तलाशी शुरू की गई थी । हबीबुल्ला बांदे के घर में घुसते समय घर में छिपे आतंकवादियों ने इस दल पर गोलियां बरसा दीं, जिससे खोज दल के सदस्यों को गंभीर घाव लगे । कांस्टेबल गुलजार अहमद डार, जो इस दल में थे, को भी गंभीर चोटें आईं थीं । गंभीर चोटों के बावजूद, कांस्टेबल गुलजार अहमद डार ने अपना साहस और विश्वास खोए बिना जवाबी गोलीबारी की । अपने साथियों के लिए खतरा भांपते हुए कांस्टेबल गुलजार अहमद डार अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए गोलीबारी कर रहे आतंकवादियों के निकट पहुंच गए और उन्हें अपनी गोलीबारी से दबा लिया तथा एक दुर्दांत आतंकवादी को यहीं मार गिराया । अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए वे आतंकवादियों पर गोलियां बरसाते रहे और खोजी-दल को गोलीबारी की आड़ देते रहे ताकि वे सुरक्षित स्थान पर पहुंच सकें । कांस्टेबल गुलजार अहमद डार गोलियों से जख्मी हो जाने के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए । यह सैन्य कार्रवाई लगभग 24 घंटे तक चलती रही, जिसमें शेष दोनों आतंकवादी मारे गए तथा भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुआ ।

श्री गुलजार अहमद डार ने आतंकवादियों से लड़ते हुए असाधारण वीरता, अदम्य साहस और तुरत बुद्धि का परिचय दिया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया ।

2. **श्री बी.बी.रथवा**
हेड कांस्टेबल, गुजरात पुलिस

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 5 मार्च, 2002)

5 मार्च, 2002 को श्री बी.बी.रथवा, हेड कांस्टेबल को छोटा उदयपुर तहसील के मालू गांव के एक मुस्लिम परिवार से विपत्ति की सूचना मिली । श्री रथवा तत्काल ही पुलिस जीप से उस गांव में पहुंचे और उग्र भीड़ से मुस्लिम परिवार के सदस्यों को बचकर निकलने में सहायता दी । वे किराए के एक टैम्पू में मुस्लिम परिवार के सात सदस्यों और उनके सामान को अपने साथ निकाल लाए।

छोटा नगर मुस्लिम शरणार्थी शिविर के रास्ते में भीलपुर गांव से गुजरते समय उन्हें रास्ते में बाधाएं खड़ी की हुई मिलीं। श्री रथवा ने दो होम गार्ड और दो जीआरडी कार्मिकों तथा एक रंगरूट, पुलिस कांस्टेबल के साथ रास्ता साफ करने का प्रयास किया। तभी उन्हें तीर और कमान तथा अन्य परम्परागत घातक हथियारों से लैस लगभग 250 आदिवासियों की एक उग्र भीड़ द्वारा घेर लिया गया । यह भीड़ मुसलमानों को मार डालना और उनके सामान को आग लगा देना चाहती थी। भीड़ को देखकर अन्य सभी कार्मिक वहां से भाग खड़े हुए, किन्तु श्री रथवा ने, निश्चित मृत्यु सामने होने पर भी, मुसलमानों सहित वाहन को आग लगाने से भीड़ को रोका।

श्री रथवा ने हमला किए जाने तथा घायल होने के बावजूद अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए घटना स्थल को छोड़ने से इनकार कर दिया और जिन मुसलमानों को वे बचाकर ले जा रहे थे उनकी जान बचाने की पूरी कोशिश की। जब उनके सिर में गोली लग गई और ये बेहोश होने लगे तथा राइफल पर से इनका नियत्रंण कम होने लगा तब ही इनकी वीरतापूर्ण कोशिशें रूकीं। तब भीड़ ने टैम्पू में आग लगा दी और एक दंगाई ने उनकी राइफल छीन कर उनकी जांघ में गोली मार दी। इसी बीच, सात मुस्लिम सदस्यों में से तीन निकल भागने मे कामयाब हो गए और शेष चार जख्मी हुए, किन्तु श्री रथवा के निर्भीक और साहसी प्रयासों से उनकी जान बच गई।

इस प्रकार, श्री बी.बी.रथवा ने तुरत बुद्धि और उच्च कोटि की असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया।

3. **आईसी-58244 कैप्टन सचिन शिवराज रन्डाले, एसएम**
आर्टिलरी/6 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 जून, 2002)

कैप्टन सचिन शिवराज रन्डाले , कंपनी कमांडर द्वारा तैयार किए गए आसूचना नेटवर्क द्वारा 22 जून, 2002 को जम्मू-कश्मीर के वागत गांव में तीन विदेशी आतंकवादियों की मौजूदी की पुष्टि की गई।

इस अफसर ने निगरानी के लिए गुप्त निगरानी चौकियां स्थापित करने का आदेश दिया और अपनी कंपनी को लामबन्द करते हुए अलग-अलग दिशाओं से वागत गांव पहुंचे। संदिग्ध घरों की घेराबन्दी

करते समय आतंकवादी अंधा-धुंध गोलियां बरसाते हुए अस्कानपुर भाग खड़े हुए। इस अफसर ने विचलित हुए बिना अपने स्रोत से संपर्क साधा और आतंकवादियों वाले घर का पता लगा लिया। पहले आस-पास के घरों को खाली करवाते समय इन्होंने सबसे पहले अपने दल को एक ऊंचे स्थान पर ले गए और दो आतंकवादियों का पता लगाया। सहज रूप से गोलीबारी करते हुए इन्होंने उनमें से एक आतंकवादी का तत्काल ही सफाया कर दिया। दूसरा आतंकवादी घबराहट में गोलियां चलाने लगा, जिससे एक ग्रेनेड इस अफसर के निकट ही फट गया जिसके कारण ग्रेनेड के छर्रों से ये गंभीर रूप से घायल हो गए। व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना यह अफसर बाजू से रेंगकर आगे बढ़ा और उस आतंकवादी पर गोलीबारी शुरू कर दी और इस प्रकार, दूसरे आतंकवादी का भी सफाया कर दिया ।

कैप्टन सचिन शिवराज रंडाले, एस.एम. ने आतंकवादियों का सामना करने में अनुकरणीय सामरिक सूझबूझ, युद्ध कौशल, साहस और उच्च कोटि की पहल का प्रदर्शन किया ।

4. **2482168 नायक अवतार सिंह,**
16 पंजाब

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 02 अगस्त, 2002)

दारंग असम में रंगापुरा रेलवे लाइन के लिए खतरे में वृद्धि की संभावना के आधार पर एक टुकड़ी ने 2 अगस्त, 2002 को उमानन्दा में रेलवे पटरी पर घात बिठाने के लिए प्रस्थान किया।

लगभग 0300 बजे रेलवे पटरी पर कुछ संदिग्ध हल चल महसूस होने पर यह दल तत्काल ही मौके पर घात लगाकर प्रतीक्षा में बैठ गया। ललकारे जाने पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और ग्रेनेड फेंकते हुए अंधेरे की आड़ लेकर भागने का प्रयास किया। तत्काल कार्रवाई की ज़रुरत महसूस करते हुए नायक अवतार सिंह ने विशुद्ध साहस का प्रदर्शन किया और व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए गोलीबारी कर रहे आतंकवादी पर टूट पड़े और उसे मार गिराया। दूसरे आतंकवादी ने भागने के दुस्साहसिक प्रयास में दो ग्रेनेड फेंके। ग्रेनेड़ों के विस्फोट से भयभीत हुए बिना नायक अवतार सिंह लगातार रेंगते हुए और झपटते हुए आतंकवादी की ओर बढ़े। निश्चित मृत्यु के समक्ष अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए इन्होंने एक आड़ के पीछे छलांग लगा दी और उच्च कोटि की निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए दूसरे आतंकवादी को मार गिराया। नायक अवतार सिंह ने आतंकवादियों की गोलीबारी का समाना करते हुए तुरतबुद्धि और अत्यंत उच्च कोटि की असाधारण वीरता का परिचय दिया।

5. **श्री रणबीर सिंह**
सब-इंस्पेक्टर, जम्मू-कश्मीर पुलिस (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 02 अगस्त, 2002)

01 अगस्त, 2002 की रात को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, आईआरपी तथा विशेष संक्रिया दल ने पुलिस स्टेशन बाग-ए-बहू और त्रिकुटा नगर के पुलिस कर्मियों के साथ जम्मू शहर की पूर्वी ओर रैका जंगल में आतंकवादियों के देखे जाने की एक विशिष्ट सूचना के आधार पर एक सघन खोजी कार्रवाई शुरू की।

02 अगस्त, 2002 को लगभग 0945 बजे जब यह खोजी टुकड़ी घनी तथा अलंघ्य कटीली झाड़ियों से भरे क्षेत्र के बीच में थी, तभी झाड़ियों में छिपे एक आतंकवादी ने खोजी टुकड़ी को अपनी ओर बढ़ते देखकर पुलिस दल पर अपनी एके-56 राइफल से गोलीबारी कर सब-इंस्पेक्टर रणबीर सिंह तथा दो कांस्टेबलों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आतंकवादी ने इसके बाद ग्रेनेड से हमला करते हुए गोलीबारी और तेज कर दी। घायल सब-इंस्पेक्टर रणबीर सिंह को पीछे हटने के लिए कहा गया, किंतु सब-इंस्पेक्टर रणबीर सिंह ने अपने जीवने के लिए घोर खतरा होने के बावजूद कर्त्तव्य की उच्चतम भावना तथा असाधारण साहस का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी द्वारा गोलीबारी शुरू करने के बाद शुरू हुई लड़ाई में जुटे रहे तथा उनके जख्मी साथी को सफलतापूर्वक सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए गोलीबारी की आड़ देते रहे । जब जख्मी साथी को खतरे के क्षेत्र से हटा लिया गया, तभी सब इंस्पेक्टर रणबीर सिंह, जो अभी भी अपने जीवन की परवाह किए बिना लड़ रहे थे, के सिर में गोली आ लगी और वे मूर्छित होकर गिर पड़े । उन्हें अस्पताल ले जाया गया, किंतु वे अपने जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए । इस मुठभेड़ में आतंकवादी भी गंभीर रूप से घायल हो गया था और बाद में घावों के कारण उसकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार, श्री रणबीर सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते हुए उत्कृष्ट पराक्रम, अदम्य साहस, तुरत बुद्धि का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया ।

6. **13698329 गाड्र्समैन मोहम्मद हसनुज्जमान एसके,**
गाड्र्स/21 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 06 अगस्त, 2002)

06 अगस्त, 2002 को, गाड्र्समैन मोहम्मद हसनुज्जमान एसके जम्मू-कश्मीर में हंडवारा चौक की संतरी चौकी पर संतरी के रूप में तैनात थे।

लगभग 0550 बजे, सैनिक वर्दी में दो आतंकवादियों ने संतरियों को निहत्था करके हंडवारा चौकी पर आपराधिक आतंकवादी कार्रवाई का प्रयास किया। गाड्र्समैन मोहम्मद हसनुज्जमान एसके अपनी संतरी चौकी से बाहर निकलकर ग्रेनेड फेंक रहे तथा यूबीजी एल से गोलियां बरसा रहे दो आतंकवादियों पर टूट पड़े। आमने-सामने की लड़ाई में उन्होंने एक आतंकवादी को मार गिराया तथा दूसरे को घायल कर दिया गाड्र्समैन मोहम्मद हसनुज्जमान एसके को भी गोलियां आ लगीं। अपने जख्मों के बावजूद, गाड्र्समैन मोहम्मद हसनुज्जमान एसके ने अपने जख्मों के कारण मूर्छित होने तक दूसरे आतंकवादी को उलझाए रखा।

गाड्र्समैन मोहम्मद हसनुज्जमान एसके ने अनुकरणीय साहस, आक्रामक भावना का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान किया और बटालियन क्षेत्र में आतंकवादियों को घुसने से रोक दिया।

7. **2599680 लांस नायक कृष्ण मूर्ति जी,**
18 मद्रास

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 08 अगस्त, 2002)

जम्मू-कश्मीर में तंगधार के मंजू में तैनात घात टुकड़ी को 08 अगस्त, 2002 को घने बादलों से ढके जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में घुसपैठ का प्रयास कर रहे एक आतंकवादी गुट का पता लगा। लांस नायक कृष्ण मूर्ति जी ने संयम रखते हुए आतंकवादियों को पूर्व-चुनिंदा मारण क्षेत्र में घुसने दिया।

लांस नायक कृष्ण मूर्ति जी ने एक क्लेमोर बारूदी सुरंग को होशियारी से दागते हुए घात से आक्रमण किया। आतंकवादी बुरी तरह से घायल हो गए तथा नियंत्रण रेखा की ओर वापस भागने लगे। वे अपनी ही गोलीबारी में उलझ गए थे। तलाशी के दौरान, लांस नायक कृष्ण मूर्ति ने नियंत्रण-रेखा के बहुत निकट तक खून के निशानों पर लगातार पीछा किया। तभी खोजी टुकड़ी आतंकवादियों की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई। शत्रु तथा आतंकवादियों की भारी गोलीबारी की परवाह न करते हुए इन्होंने आतंकवादियों का पता लगाया और राकेट लांचर दागकर दो आतंकवादियों को मार गिराया। इसके बाद, ये पुनः शेष आतंकवादियों के पास पहुंच गए। करीब-करीब नियंत्रण रेखा पर एक और तीव्र व साहसिक कार्रवाई में इन्होंने अन्य एक आतंकवादी को मार डाला जो शत्रु ठिकाने की ओर भागने की कोशिश कर रहा था। इस ऑपरेशन के पूरा होते-होते शेष आतंकवादी मारे जा चुके थे।

लांस नायक कृष्ण मूर्ति जी ने आतंकवादियों की गोलीबारी के सम्मुख अदम्य युद्ध भावना ; अविचल साहस और दृढनिश्चय का प्रदर्शन किया।

8. **एमआर-07688 कैप्टन अनिरबान डेका**
सेना चिकित्सा कोर/16 पंजाब

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 अगस्त, 2002)

असम के दारंग के किसी क्षेत्र में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली विशिष्ट आसूचना के आधार पर एक सैन्य कार्रवाई की योजना बनाकर 20 अगस्त,2002 को इसे पूरा किया गया था। कैप्टन अनिरबान डेका इस सैन्य कार्रवाई के पूरा होने के बाद सिविलियनों को तत्काल चिकित्सा उपलब्ध करने के लिए इस सैन्य कार्रवाई में चिकित्सा अफसर के रूप में थे।

जिस समय घेरा डाला जा रहा था उस समय कैप्टन अनिरबान डेका गांव के बाहर चिकित्सा सहायता केन्द्र स्थापित कर रहे थे। लगभग 1715 बजे जब कुछ खास घरों की घेराबंदी करके तलाशी कार्रवाई शुरू की गई तो तीन व्यक्तियों को अलग-अलग दिशाओं में भागते हुए देखा गया। जब उन्हें रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने चार हथगोले फेंके और अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी । उनमें से दो भागने का प्रयास करते हुए कैप्टन अनिरबान डेका की ओर दौड़े जो घेराबंदी दल के साथ गांव के बाहर थे। दो आतंकवादियों के अचानक प्रकट हो जाने से विचलित और डरे बिना और लघु शस्त्र से गोलियां बरसाते हुए इस अफसर ने अदम्य साहस और बिजली सी फुर्ती का प्रदर्शन करते हुए पहले आतंकवादी को बहुत ही

करीब से मार गिराया। इन्होंने दूसरे आतंकवादी का पीछा किया और निशानेबाजी की एक अनुकरणीय प्रदर्शन करते हुए उसे मार डाला।

कैप्टन अनिरबान डेका ने आतंकवादियों से लड़ने में आक्रामक भावना, त्वरित कार्रवाई और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

9. **श्री रवि जी फोतेदार**
सब-इंस्पेक्टर, जम्मू-कश्मीर पुलिस (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 अगस्त, 2002)

कुपवाड़ा के वुगबाल गांव में आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर विशेष कार्रवाई दल ने 20 अगस्त, 2002 को तत्काल ही एक खोज व सफाया अभियान शुरू कर दिया । जिस समय खोज अभियान चल रहा था तभी एक घमासान मुठभेड़ हो गई । श्री रवि जी फोतेदार, सब इंस्पेक्टर ने दो आतंकवादियों को मौके पर ही ढेर कर दिया और अपने जीवन की परवाह किए बिना तीसरे आतंकवादी का पीछा किया । इस कार्रवाई के दौरान वे भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से जख्मी हो गए । उन्हें बेस अस्पताल द्रुगमुल्ला ले जाया गया जहां वे अपने जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

श्री रवि जी फोतेदार ने आतंकवादियों के साथ लड़ते हुए आगे रहकर अपने दल का नेतृत्व किया और अपने प्राण न्यौछावर करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया ।

10. **13746412 हवलदार मंजीत सिंह**
15 जम्मू-कश्मीर राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 अगस्त, 2002)

24 अगस्त, 2002 को जम्मू-कश्मीर के बान्दी का मकान क्षेत्र में एक सैन्य कार्रवाई के दौरान जब कम दिखाई पड़ने के कारण खोज कार्रवाई में बाधा आ गई तो हवलदार मंजीत सिंह ने घात में घात बिठाई ।

लगभग 1200 बजे इन्होंने एक आतंकवादी को एक गुफा में देखा । हवलदार मंजीत सिंह लघु शस्त्रों की गोलीबारी विफल हो जाने पर रेंगते हुए आगे गए और उन्हें निहत्था करने के प्रयास में हथगोला फेंका । जब आतंकवादी गोलियां बरसाते हुए बाहर निकला तो हवलदार मंजीत सिंह ने धैर्य रखते हुए उसे बहुत ही करीब से मार डाला । दूसरे आतंकवादी को बगनुआ नाले में बड़े पत्थरों के पीछे छिपा हुए देखा गया । जैसे ही हवलदार मंजीत सिंह उसके भागने के रास्ते बन्द करने के लिए आगे बढ़े वे भारी व अचूक गोलीबारी की चपेट में आ गए । दो घंटे तक गोलीबारी होती रही । जब आतंकवादी ने हार नहीं मानी तो हवलदार मंजीत सिंह अपने संगी के साथ रेंगते हुए निकट पहुंचे, पोत चार्ज की तैयारी की और पत्थरों के पीछे हथगोले फेंके जिसमें इन्होंने 1830 बजे उस आतंकवादी का सफाया कर दिया । ये बिना थके हुए रात भर घात लगाते रहे । संदिग्ध हलचल देखकर एक आतंकवादी ने हथगोला फेंका और भागने का प्रयास किया । हवलदार मंजीत सिंह उसका पीछा करते रहे जबकि वह आतंकवादी उनको पीछा करने से रोकने के

लिए हथगोले फेंक रहा था और इन्होंने अंततः उसका पीछा करके उसे मार गिराया ।

हवलदार मंजीत सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते समय अदम्य साहस और असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया ।

11. **14921830 लांस नायक सरंगथेम ईंगोचा सिंह**
मैक.इन्फैंट्री/42 राष्ट्रीय राइफ़ल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 अगस्त, 2002)

लांस नायक सरंगथेम ईंगोचा सिंह एक विशेष मिशन खोजी दल के सदस्य थे जिसे जम्मू-कश्मीर के ऊबड़-खाबड़ पर्वतीय भू-भाग में घने जंगलों वाले हराई कछामा जंगल में छिपे चार आतंकवादियों के एक गुट के साथ मुठभेड़ का काम सौंपा गया था ।

24 अगस्त, 2002 को लगभग 1820 बजे आतंकवादियों से सामाना हुआ और भयंकर मुठभेड़ शुरू हो गई । लांस नायक सरंगथेम ईंगोचा सिंह ने एक आतंकवादी को मार गिराया और आमने-सामने की लड़ाई में एक गोली उनके दाहिने बाजू में आ लगी । घायल हो जाने के बावजूद लांस नायक सरंगथेम ईंगोचा सिंह भाग रहे आतंकवादियों का लगातार पीछा करते रहे और दौड़ते-दौड़ते गोलियां बरसाकर दूसरे आतंकवादी को मार गिराया । तीसरा आतंकवादी भागकर नाले में उतर गया और एक खड़ी कटान के पास पहुंचकर एक पेड़ के पीछे मोर्चा संभाल लिया और लांस नायक सरंगथेम ईंगोचा सिंह के ऊपर गोलियां बरसा दी । घायल हो जाने के बावजूद अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना असाधारण कोटि की वीरता का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी पर टूट पड़े और गुत्थम-गुत्था लड़ाई में उसे मार गिराया । इस गोलीबारी में लांस नायक सरंगथेम ईंगोचा सिंह को पुनः गोलियां लगीं और वे अपने जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

लांस नायक सरंगथेम ईंगोचा सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते समय असाधारण व्यक्तिगत वीरता, साहस का प्रदर्शन किया और सर्वोच्च बलिदान दिया ।

12. **आईसी-51551 कैप्टन शंकर गोपीनाथन, एसएम**
बिहार/4 कोर इंट. तथा एफएस कंपनी

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 28 अगस्त, 2002)

कैप्टन शंकर गोपीनाथन, खुफिया सूचना इकट्ठा करने में दक्ष थे तथा उन्हें विभिन्न तरह के प्रतिविद्रोही परिवेश में कार्य का अनुभव था, ने असम के नलबाड़ी, बारपेटा तथा कामरूप जिलों में एक कारगर आसूचना जाल विकसित किया, जिसके आधार पर यूनिटों द्वारा कई सफल आपरेशन किए गए ।

27-28 अगस्त, 2002 की रात को इन्हें एक आतंकवादी दल के ठिकाने के बारे में पक्की सूचना मिलते ही इन्होंने तत्काल एक यूनिट से संपर्क किया । इतना ही नहीं, इन्होंने स्वेच्छा से इस सैन्य कार्रवाई में भाग लेना स्वीकार किया तथा एक खोजी दल में शामिल हो गए । इन्होंने आगे बढ़कर एक टुकड़ी का नेतृत्व किया तथा हथगोलों के विस्फोटों और गोलियों की भारी बौछार से भयभीत हुए बिना,

कौशल का प्रदर्शन करते हुए, एक ऊंचे मोर्चे पर पहुंच गए । आतंकवादियों ने जब हारना शुरू किया तो उन्होंने भागने का प्रयास किया, किंतु, कैप्टन शंकर गोपीनाथन पश्चिम की ओर भाग रहे आतंकवादियों के पीछे दौड़ पड़े तथा गोलियों की भारी बौछार के बावजूद निडर रहकर उनका पीछा करते रहे । इन्होंने अचूक गोलियां बरसाकर एक आतंकवादी को मार डाला तथा दूसरे को घायल कर दिया । घायल आतंकवादी ने आड़ लेकर दो हथगोले फेंके तथा बहुत ही नजदीक से गोलियां बरसा दीं, किंतु भयभीत हुए बिना ये बाजू से उसके निकट पहुंच गए और उसे मार गिराया तथा एक कारबाइन बरामद की ।

इस सैन्य कार्रवाई के परिणामस्वरूप पांच दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया किया जा सका तथा भारी मात्रा में शस्त्रास्त्र, गोलाबारूद तथा युद्ध-सामान बरामद हुआ ।

कैप्टन शंकर गोपीनाथन, एसएम ने गोपनीय सूचना की दक्षता से व्यवस्था की तथा आतंकवादी के सामने उत्कृष्ट साहस व वीरता का प्रदर्शन किया ।

13. **आईसी-58403 मेजर चाथोथ बीनू भारदन,**
18 मद्रास

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 सितंबर, 2002)

14 सितंबर, 2002 को पूरी तरह से गुप्त तथा कुशलतापूर्वक स्थापित घात ने एक आतंकवादी दल को जम्मू-कश्मीर में जनरल एरिया पथरीधाना में घूमते हुए देखा। मेजर चाथोथ बीनू भारदन ने धैर्य से आतंकवादियों को पहले से चुने गए भारण क्षेत्र में घुसने दिया तथा एक क्लेमोर बारूदी सुरंग को दाग दिया।

आतंकवादियों ने तत्काल जवाबी गोलीबारी की तथा बड़े पत्थरों के पीछे आड़ ले ली। मेजर भारदन ने 81 मि.मी. मोर्टार दागने के लिए कहा तथा आतंकवादियों को भागने से रोकते हुए उनपर लघु शस्त्रों से लगातार गोलीबारी करते रहे। मेजर भारदन बाजू की ओर से आगे बढ़े और आतंकवादियों पर टूट पड़े तथा एक को मौके पर ही मार गिराया। उसके बाद, इन्होंने दो खोजी दलों का गठन किया और आतंकवादियों की सटीक गोलीबारी की चपेट से दूसरी खोजी टुकड़ी को बचाने का प्रयास करते समय स्वयं ही एक अन्य आतंकवादी को मार डाला। मेजर भारदन ने एक अन्य आतंकवादी को मौत के घाट उतारने से पहले उसका 200 मीटर तक पीछा किया। यह सैन्य कार्रवाई 36 घंटे चली जिसके परिणामस्वरूप नौ विदेशी आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया।

मेजर चाथोथ बीनू भारदन ने आतंकवादियों से लड़ते समय उच्च कोटि की व्यक्तिगत बहादुरी, धैर्य, पहलशक्ति, असाधारण फुर्ती तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

14. **3980067 हवलदार पबिन्दर कुमार**
2 डोगरा

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 21 सितंबर, 2002)

हवलदार पबिन्दर कुमार कमांडिंग अफसर के उस त्वरित कार्रवाई दल के सदस्य थे जिसने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के भागने के अधिकांश संभावित रास्तों पर घात बिठाई थी।

21 सितंबर, 2002 को 1445 बजे, एक प्राकृतिक गुफा में मोर्चा संभाले हुए दो आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों तथा यूनीवर्सल बैरेल ग्रेनेड लांचर से उस समय भारी गोलाबारी शुरू कर दी जब खोजी दल उनके निकट पहुंचने ही वाला था। चूंकि इस गुफा में आने-जाने के लिए एक ही रास्ता था तथा इसके तीन ओर खड़ी चट्टान थी, इसलिए आतंकवादियों के वहां से निकालने के सभी प्रयास बेकार साबित हुए। हवलदार पबिन्दर कुमार अपने जीवन को गंभीर खतरे में डालकर चट्टान के ऊपर से रस्से के सहारे नीचे उतरे और गुफा के ऊपर लटकर एक आतंकवादी को मार गिराया। रस्से पर उसी तरह से खतरनाक ढंग से लटकते हुए उन्होंने स्मोक ग्रेनेड फेंककर दूसरे आतंकवादी को गुफा से बाहर निकल भागने पर मजबूर कर दिया। जैसे-ही आतंकवादी ने बाहर निकल भागने का प्रयास किया, हवलदार पबिन्दर कुमार उसके ऊपर कूद पड़े और उसे गिरा दिया आतंकवादी के उठने से पहले ही तेजी से अपना संतुलन बनाते हुए हवलदार पबिन्दर कुमार ने उसे मार गिराया।

हवलदार पबिन्दर कुमार ने आतंकवादियों से लड़ते हुए दृढ़ साहस, अदम्य उत्साह और अत्यंत असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया।

15. **2794776 सिपाही माने परमानंद शिवाजी**
मराठा लाइट इन्फैंट्री/ 17 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 सितंबर, 2002)

सिपाही माने परमानंद शिवाजी उस सैन्य-टुकड़ी में शामिल थे जिसे जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के बनीहाल तहसील में गांव कस्कोट में छिपे आतंकवादियों का सफाया करने का कार्य सौंपा गया था।

22 सितंबर, 2002 को 1840 बजे कुछ घरों की घेराबंदी करने वाले उनके सैन्य-दस्ते पर एक घर से भारी गोलीबारी शुरू हो गई। सिपाही माने परमानंद शिवाजी, जो एक स्टाप में थे, ने एक आतंकवादी को खिड़की के निकट देख लिया। वे कुशलतापूर्वक तथा खामोशी से खिड़की के नजदीक पहुंच गए। भारी गोलीबारी के बावजूद,सिपाही माने परमानंद शिवाजी ने अपना धैर्य बनाए रखा तथा बेहतर प्रतिक्रिया और निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए उस आतंकवादी को मार गिराया। उन्होंने दूसरे आतंकवादी को देखा और उसके करीब पहुंच गए। निकट पहुंचते समय उनके बाएं कंधे पर गोलियों की बौछार आ लगी। गंभीर रूप से घायल होने, अत्यधिक खून बह जाने तथा भारी गोलीबारी के बावजूद, वे दूसरे आतंकवादी की ओर रेंगते हुए पहुंचे। अपने घाव के कारण गोली चलाने में असमर्थ सिपाही माने परमानंद शिवाजी ने खिड़की में दो हथगोले फेंके तथा उस आतंकवादी को मार गिराया। उसके बाद, वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

सिपाही माने परमानंद शिवाजी ने आतंकवादियों से लड़ते हुए दृढ़-निश्चय, पहलशक्ति, साहस का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान किया।

16. **जीएस-165702 ऑपरेटर एक्सकवेटिंग मशीनरी**
रवी चन्द्र रेड्डी (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 23 सितंबर, 2002)

एक्सकवेटिंग मशीनरी ऑपरेटर रवी चन्द्र रेड्डी को जम्मू-कश्मीर राज्य में पदम-किलिमा सड़क पर डोजर ऑपरेटर के रूप में पदम डिटैचमेंट में तैनात किया गया था। 23 सितंबर, 2002 को 25.05 कि.मी. पर डोजर से फार्मेशन कटिंग के समय एक्सकवेटिंग मशीनरी ऑपरेटर रवी चन्द्र रेड्डी ने जब चट्टान का एक बड़ा टुकड़ा पहाड़ी से नीचे गिरते हुए देखा तो खतरा भांपते हुए वे डोजर को छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए भाग सकते थे। किंतु, एक सच्चे देशभक्त, निष्ठावान, समर्पित तथा दृढ़-संकल्प एक्सकवेटिंग मशीनरी ऑपरेटर रेड्डी अपने जीवन के लिए खतरे की परवाह न करते हुए अपने उपस्कर को बचाने के प्रयास में डोजर पर ही रहे। इस प्रयास में एक्सकवेटिंग मशीनरी ऑपरेटर रेड्डी मलबे और पत्थर के भारी ढेर के नीचे जिंदा दब गए, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। इस प्रकार, एक्सकवेटिंग मशीनरी ऑपरेटर रेड्डी ने सरकार की बहु-मूल्य संपत्ति बचाने के प्रयास में देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए तथा मृत्यु को गले लगा लिया और इस तरह से अनुकरणीय निष्ठा तथा समर्पण भाव का परिचय दिया।

एक्सकवेटिंग मशीनरी ऑपरेटर रवी चन्द्र रेड्डी ने अपने कर्तव्य का पालन करने में दृढ़-संकल्प, निःस्वार्थ समर्पण, देशभक्ति, अतुलनीय निष्ठा तथा असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया।

17. **3180784 नायक स्वर्ण सिंह**
21 जाट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 अक्तूबर, 2002)

07 अक्तूबर, 2002 को 2230 बजे नायक स्वर्ण सिंह जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में विकट शतंशाबाड़ी पर्वत श्रृंखलाओं में नियंत्रण रेखा के निकट बिठाई गई घात के सेकंड-इन-कमांड थे।

अत्यधिक खराब मौसम में लगभग 30 घंटे के बाद घात दल ने घने जंगल में एक आतंकवादी दल को देखा। उनके आगे बढ़ने के तरीके से ऐसा लगा कि घुसपैठिए घातस्थल से बचकर निकल सकते थे। नायक स्वर्ण सिंह उनसे आगे निकलने के प्रयास में अपनी लाइट मशीन गन तथा दो अन्य सैनिकों के साथ तेजी से रेंगते हुए आगे बढ़े । एक आतंकवादी को गोली चलाने के लिए तत्पर देखकर नायक स्वर्ण सिंह ने नौ मीटर की दूरी से अपनी लाइट मशीन गन से तत्काल गोलीबारी कर दी और अकेले ही तीन आतंकवादियों को मार डाला। अन्य आतंकवादी गोलियों की भारी बौछार करते हुए तथा गोलाबारूद, बारूदी सुरंगों और अन्य युद्ध-सामग्रियों से पूरे भरे हुए थैले अपने पीछे छोड़ते हुए ढलान से लुढ़कते हुए नीचे चले गए।

एक संक्षिप्त तथा वीरतापूर्ण कार्रवाई में नायक स्वर्ण सिंह ने आतंकवादियों के ठीक ऊपर एक मोर्चे पर पहुंचने के लिए भारी गोलीबारी के बीच में से भागते हुए पहल की। इसी बीच, एक अन्य टुकड़ी भी इनके साथ शामिल हो गई तथा समस्त टुकड़ी ने गोलियों की भारी बौछार शुरू कर दी। इसके बाद घमासान लड़ाई में एक आतंकवादी मारा गया।

खतरा भांपते हुए आतंकवादी नियंत्रण-रेखा की ओर वापस भागने लगे और हमारी टुकड़ी इसका पीछा करने लगी । सैन्य टुकड़ी गोलियों की भारी बौछार करते हुए आतंकवादियों का पीछा करती रही। यह लड़ाई लगभग एक घंटा चली, जिसमें एक और आतंकवादी मारा गया।

नायक स्वर्ण सिंह ने आतंकवादियों से लड़ने में उत्कृष्ट वीरता तथा दृढ़-निश्चय का प्रदर्शन किया।

18. **टीजे-3276 सूबेदार लल्लन राम**
ग्रीफ /120 आरसीसी (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 9 अक्तूबर, 2002)

गश्त कमांडर सूबेदार लल्लन राम 09 अक्तूबर,2002 को जब सह चालक वाली सीट पर बैठे थे उस वक्त 20 से अधिक आतंकवादियों ने छोटे हथियारों तथा हथगोलों से त्रिपुरा के एक गांव में उनके वाहन पर घात लगाकर आक्रमण कर दिया।

सूबेदार लल्लन राम की छाती में गोलियों के गंभीर घाव आ लगे तथा सामने की सीट पर हथगोला फेंके जाने से उनके दोनों पैर बेकार हो गए । हिलने-डुलने में असमर्थ और निश्चित मृत्यु के समक्ष वे नाले के किनारे पर लटक रहे वाहन के नजदीक आ रहे आतंकवादियों पर गोलीबारी करने के लिए अपने साथियों को ललकारते हुए आदेश देते रहे। वे अंतिम सांस तक लड़ते रहे तथा अपने तीन आदमियों को नाले में से बचाया तथा दो हथियार और गोलाबारूद भी बचा लिए।

सूबेदार लल्लन राम ने नेतृत्व के बेहतरीन गुणों का प्रदर्शन करते हुए अंतिम सांस तक आतंकवादियों को घायल टुकड़ी के पास नहीं फटकने दिया तथा दो हथियारों सहित गोलाबारूद बचा लिया।

19. **5847155 लांस नायक रनबहादुर हमाल**
4/3 गोरखा राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 9 अक्तूबर, 2002)

09 अक्तूबर, 2002 को 1630 बजे जम्मू-कश्मीर के बारामूला में बांदी पेन के निकट एक ऊंची पर्वतीय चोटी पर छिपे चार आतंकवादियों ने एक कब्जा बनाए रखने वाले गश्ती दल पर गोलीबारी की। तुरंत एक खुला घेरा डाला गया; कुमुक आने तक आतंकवादियों को उलझाए रखने के लिए गोलीबारी शुरू

की गई । निचली ढालों पर सैनिकों को घेरे रखने के लिए ऊंच स्थानों पर बैठे हुए आतंकवादियों ने हथगोलों का इस्तेमाल किया तथा स्वचालित हथियारों से कारगर भारी गोलीबारी की।

चूंकि अंधेरा हो रहा था, इसलिए लांस नायक रनबहादुर हमाल ने सैन्य टुकडियों की नाजुक स्थिति को भांपते हुए अपनी लाइट मशीनगन उठाई तथा जीवन को आसन्न खतरे के बावजूद पहाड़ी पर लटकते हुए रेंगकर आतंकवादियों के निकट पहुंचे।

आतंकवादियों ने अपनी गोलीबारी का रुख रनबहादुर हमाल की ओर कर दिया। आड़ रहित क्षेत्र में आतंकवादियों की कारगर गोलीबारी से विचलित हुए बिना इन्होंने अचूक गोली से दो आतंकवादियों को मार डाला। वे रेंगकर आगे बढ़े तथा बिल्कुल नजदीक से तीसरे आतंकवादी को मार गिराया।

लांस नायक रनबहादुर हमाल ने आतंकवादियों की गोलीबारी के समक्ष दुर्लभ पहल तथा असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया।

20. **3179446 हवलदार राजवीर सिंह**
जाट/34 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 10 अक्तूबर, 2002)

हवलदार राजवीर सिंह उस कमांडो प्लाटून में शामिल थे जिसकी 10 अक्तूबर, 2002 को जम्मू-कश्मीर के बड़गाम के जनरल एरिया मीरपुरा में आतंकवादियों के एक दल के साथ प्रारंभिक भिड़ंत हुई थी।

आतंकवादी बचने के लिए विभिन्न दिशाओं में भागे। एक अफसर के साथ हवलदार राजवीर सिंह ने एक आतंकवादी का घनी झांड़ियों से भरे हुए एक बड़े नाले में पीछा किया। इन्होंने एक पेड़ की आड़ लेकर राइफल से चार गोले दागे। आतंकवादियों ने अंधा-धुंध गोलीबारी शुरू कर दी। हवलदार राजवीर सिंह ने तुरंत यह क्षेत्र छोड़ दिया तथा शानदार क्षेत्र तथा युद्ध कौशल का इस्तेमाल करते हुए घनी झाड़ियों में आतंकवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया। इस रणनीति का इस्तेमाल करके इन्होंने दो आतंकवादियों को बिल्कुल नजदीक से आमने-सामने से गोली चलाते हुए मार डाला। फिर इन्होंने रक्त के निशान देखे तथा व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए उसका पीछा शुरू कर दिया। तीसरे आतंकवादी ने अचानक अपने घात स्थान से निकलकर इन पर गोलीबारी शुरू कर दी। हवलदार राजवीर सिंह तुरंत जमीन पर गिरकर उसे अचूक गोली दाग कर मार डाला।

हवलदार राजवीर सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते हुए असाधारण साहस तथा वीरता का प्रदर्शन किया।

21. **3998462 पैराट्रूपर भूपिन्द्र सिंह**
2 पैरा (एस एफ)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 13 अक्तूबर, 2002)

13 अक्तूबर, 2002 को गांव आफ्टी, जिला डोडा, जम्मू-कश्मीर में एक घेरा तथा तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया था। पैराट्रूपर भूपिन्द्र सिंह स्टॉप के रूप में तैनात एक स्क्वॉड में शामिल थे। 0630 बजे तीन संदिग्ध दिखाई देने वाले व्यक्तियों को घेरा तोड़ने की कोशिश करते देखा। उन्होंने अपने घेरे को पुनः व्यवस्थित किया तथा उनका पीछा करना शुरू कर दिया।

संदिग्ध व्यक्तियों के पचास मीटर नजदीक पहुंचने पर उन्होंने उनको ललकारा । ललकारे जाने पर आतंकवादियों ने छोटे हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी तथा बचकर भागने लगे । व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए पैराट्रूपर भूपिंद्र सिंह ने आगे झपटते हुए दो आतंकवादियों को मार डाला तथा एक को घायल कर दिया । जख्मी आतंकवादी नजदीक के जंगल में भाग गया । अनुकरणीय साहस तथा फील्ड कौशल का परिचय देते हुए पैराट्रूपर भूपिंद्र सिंह ने तीसरे आतंकवादी को खोज लिया तथा उसे नजदीक से गोली से उड़ा दिया।

पैराट्रूपर ने तीन आतंकवादियों को अकेले ही मारकर अनुकरणीय साहस, फील्ड कौशल तथा व्यक्तिगत वीरता का प्रदर्शन किया।

22. **15310723 लांस नायक शीनू थॉमस**
इंजीनियर/109 आरसीसी (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 14 अक्तूबर, 2002)

लांस नायक शीनू थॉमस का चयन जम्मू-कश्मीर के कारनाह तथा केरन सेक्टरों के बीच आतंकवाद से अत्यधिक प्रभावित उच्च तुंगता क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सड़क बनाकर रागिनी उस्ताद सड़क पर एक चौकी से जोड़ने का दुष्कर कार्य पूरा करने के लिए अग्रिम डॉजर चालक के रूप में विशेष रूप से किया गया था ।

लांस नायक शीनू थॉमस ने अपने आपको इस अत्यधिक चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए पूर्ण जोश, उत्साह तथा अडिग निश्चय के साथ समर्पित कर दिया । अपने आगे कठोर चट्टान आ जाने पर, लांस नायक थॉमस बड़े जोखिम के बावजूद स्वेच्छा से इसके लिए आगे आए । दोनों सड़कों को जोड़ने के लिए शेष अंतिम चट्टान के मलबे को हटाते समय 14 अक्तूबर, 2002 को पहाड़ी की तरफ से अचानक पहले विस्फोट से तोड़ा गया चट्टानी मलबा खिसकना शुरू हो गया तथा भारी मात्रा में डॉजर पर आ गिरा, चट्टान के खिसकने से घबराए बिना लांस नायक थॉमस ने डॉजर से कूदने के बजाए इस मशीन को बचाने की कोशिश की, परंतु इसे बचाने के प्रयास में डॉजर सहित गहरी घाटी में गिर गए और अपने जीवन का बलिदान कर दिया । इस दुर्घटना में संगठन को डॉजर तथा साहसिक डॉजर ऑपरेटर के अमूल्य जीवन को

खोना पड़ा परंतु यह महत्वपूर्ण मार्ग खुल गया जिससे नियंत्रण रेखा पर तैनात सैन्य टुकड़ियों को काफी राहत मिली और पशुओं द्वारा आपूर्तियों पर उनकी निर्भरता कम हो गई ।

इस प्रकार, लांस नायक थॉमस ने अडिग साहस, कर्त्तव्यपरायणता, तुरत बुद्धि का परिचय दिया तथा अपने दायित्वों को निष्पादित करते हुए जीवन का बलिदान कर दिया ।

23. **आईसी-58622 मेजर विकास गुप्ता**
11 मराठा लाइट इन्फैंट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 2 नवंबर, 2002)

02 नवंबर, 2002 को मेजर विकास गुप्ता ने जम्मू-कश्मीर में पुंछ के एक गांव में घेरा तथा तलाशी का कार्य स्वेच्छा से हाथ में लिया ।

0830 बजे जब घेरा पार्टी एक ढोक के पास पहुंच रही थी तो उस पर कारगर गोलीबारी होने लगी । घनी गोलीबारी की परवाह किए बिना मेजर विकास गुप्ता ने अपने संगी के साथ चार मंजिले ढोक की तलाशी लेने का निर्णय लिया । भूतल से उन पर घनी तथा अचूक गोलीबारी होने लगी । इस गोलीबारी से ढोक में आग लग गई । आतंकवादी ने बाहर कूदकर पास के क्षेत्रों में आड़ ले ली । बच निकलने का प्रयास करते दो आतकादियों को उन्होंने अपनी अचूक गोलीबारी से घायल कर दिया जो बाद में ढोक में जलकर मर गए । मेजर गुप्ता ने तलाशी पुनः शुरू की तभी 1630 बजे दो छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी कर दी तथा हथगोले फेंके । मेजर विकास गुप्ता बहादुरी से आतंकवादी की गोलीबारी में से आगे बढ़े तथा उसका बिल्कुल नजदीक जाकर सफाया कर दिया । उन्होंने एक अन्य आतंकवादी को अपनी टुकड़ी पर हथगोला फेंकते देखा तथा तलाशी टुकड़ी को चौकन्ना किया । अनुकरणीय साहस तथा आक्रामक कार्रवाई का प्रदर्शन करते हुए वे रेंगकर आतंकवादी की ओर बढ़े तथा उसका नजदीक से सफाया कर दिया जिससे उनके साथियों की जान बच गई ।

मेजर विकास गुप्ता ने आतंकवादियों से लोहा लेते हुए असाधारण वीरता, नेतृत्व के गुणों तथा अडिग साहस का प्रदर्शन किया ।

24. **13753746 लांस हवलदार रोमन सुनील मारूती**
11 मराठा लाईट इन्फैंट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 2 नवंबर, 2002)

लांस हवलदार रोमन सुनील मारूती 2 नंवबर, 2002 को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एक आपरेशन के दौरान एक संदिग्ध ढोक की तलाशी के लिए स्वेच्छा से एक अफसर के संगी बने ।

जब 1600 बजे इस ढोक में आग लग गई तो इसमें से एक आतंकवादी बाहर कूदा । लांस हवलदार रोमन सुनील मारूती ने साहसिक कार्रवाई में नजदीक से आतंकवादी को उड़ा दिया । शेष आतंकवादियों ने जलती ढोक से बच निकलने के लिए बार-बार प्रयास किए, किंतु लांस हवलदार मारूती

द्वारा निकासी मार्गों पर अचूक गोलीबारी करके उन्हें रोके रखा गया । तथापि, अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए छह आतंकवादी निकलने में कामयाब हो गए तथा उन्होंने आसपास की झाड़ियों में आड़ ले ली । स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी से विचलित हुए बिना, लांस हवलदार मारूती ने अपने संगी के साथ उनकी तलाश शुरू कर दी । 1630 बजे उन पर चट्टानों के पीछे छुपे आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से कारगर गोलीबारी कर दी ।

लांस हवलदार मारूती पहल करते हुए रेंगकर छिपे आतंकवादी की ओर बढ़े । अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए वे बाजू से आतंकवादियों के पास पहुंचे तथा आमने-सामने की टक्कर में दोनों का सफाया कर दिया ।

लांस हवलदार रोमन सुनील मारूती ने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, आतंकवादियों से लोहा लेते हुए असाधारण वीरता, पहल तथा निर्भीक कार्रवाई का प्रदर्शन किया ।

25. **2481806 हवलदार साहीब सिंह**
9 पैरा (विशेष बल) (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 04 नवंबर, 2002)

हवलदार साहीब सिंह को जम्मू-कश्मीर के सुरनकोट सैक्टर में आतंकवादीरोधी आपरेशन में तैनात किया गया था । 04 नवंबर, 2002 को अनेक स्थानों पर घात लगाने के दौरान हवलदार साहीब सिंह ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में तीन आतंकवादियों को हरकत करते देखा ।

घात स्थल से आतंकवादियों को हटते देख हवलदार साहीब सिंह ने तुरंत आतंकवादियों को रोकने के लिए अपनी टुकड़ी को तैनात कर दिया । आतंकवादी दौड़कर बोरीवाली नाला में घुस गए तथा घनी झाड़ियों के मध्य छुप गए । अपनी टुकड़ी के साथ हवलदार साहीब सिंह ने आतंकवादियों की तलाश करने का निर्णय लिया । घनी झाड़ियों से उन पर अचानक भारी गोलीबारी शुरू हो गई । अपनी टुकड़ी को खतरे में देखकर, जोकि गोलीबारी के सीधे सामने पड़ गई थी, दुर्लभ साहस तथा अडिग दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन करते हुए हवलदार साहीब सिंह आतंकवादियों पर टूट पड़े । इसके बाद हुई लड़ाई में हवलदार साहीब सिंह ने अकेले ही तीनों आतंकवादियों का सफाया कर दिया । इस लड़ाई के दौरान हवलदार साहीब सिंह पर बार-बार गोली दागी गई, परंतु वे पीछे नहीं हटे । बाद में, वे अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

हवलदार साहीब सिंह ने आतंकवादियों के समक्ष लड़ाई में दुर्लभ साहस, असाधारण वीरता, आत्मबल से बढ़कर विलक्षण नेतृत्व का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया ।

26. **2674522 हवलदार राज सिंह**
8 ग्रेनेडियर्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 7 नवंबर, 2002)

हवलदार राज सिंह 07 नवंबर, 2002 को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के चकली वन में तलाशी तथा सफाया आपरेशन के दौरान तीन आतंकवादियों के एक दल के साथ भिड़ंत के दौरान तलाशी टुकड़ी में शामिल थे ।

यह क्षेत्र घने वनों से भरा हुआ तथा चट्टानी था तथा उस समय वर्षा हो रही थी जिससे कम दिखाई दे रहा था । तलाशी के दौरान इस टुकड़ी पर निकट से गोलीबारी की गई जिसमें हवलदार राजसिंह के संगी को गोली आ लगी तथा आतंकवादी उससे हथियार छीनने का प्रयास करने लगे । व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल परवाह किए बिना हवलदार राज सिंह अपने साथी की मदद के लिए दौड़े । इसके बाद भयंकर लड़ाई में उन्होंने दो आतंकवादियों को मार गिराया । इस लड़ाई में उनकी गर्दन तथा माथे पर आतंकवादियों की गोली आ लगी तथा वे अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

हवलदार राज सिंह ने आतंकवादियों की गोलीबारी के समक्ष असाधारण वीरता तथा साख्य भाव का प्रदर्शन किया तथा साथी सैनिक का जीवन बचाने के लिए सर्वोच्च बलिदान कर दिया ।

27. **आईसी-59238 कैप्टन उमंग भारद्वाज**
सेना सेवा कोर/ 7 जाट (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 नवंबर, 2002)

कैप्टन उमंग भारद्वाज जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर 'आपरेशन रक्षक' तथा 'आपरेशन पराक्रम' में घातल प्लाटून के कमांडर तथा एडजूटेंट के रूप में कार्यरत थे ।

18/19 नवंबर, 2002 की रात्रि में जब उन्होंने एक घात के दौरान घातस्थल की ओर बढ़ते आतंकवादियों को देखा तो दस मीटर तक आ जाने तक उन्होंने गोलीबारी को रोके रखा तथा फिर अचानक घात लगाकर आगे चलने वाले आतंकवादी को तुरंत मार डाला । जब अन्य आतंकवादियों ने मोर्चा संभाल कर हमारी घात टुकड़ी पर गोली बरसाना शुरू किया तो एक आतंकवादी ने पहाड़ी के नीचे नाले में बच निकलने की कोशिश की । कैप्टन भारद्वाज गंभीर खतरे की परवाह किए बिना आड़ से बाहर निकले तथा उस आतंकवादी के बराबर दौड़ते हुए बिल्कुल नजदीक से उस पर गोली चलाने लगे । ऐसा करते हुए उन्होंने दूसरे आतंकवादी को मार डाला परंतु इस कार्रवाई के दौरान अपना जीवन न्यौछावर कर दिया ।

कैप्टन उमंग भारद्वाज ने आतंकवादियों से लड़ाई में सैनिकोचित व्यवहार, प्रेरक नेतृत्व, असाधारण वीरता का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान कर दिया ।

28. **आईसी 46705 मेज़र उदय कुमार यादव, शौ मै**
मराठा लाइट इन्फैंट्री/ 8 असम राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 नंवबर, 2002)

मेजर उदय कुमार यादव ने 20/21 नवंबर, 2002 की रात्रि में मणिपुर के टिड्डिम रोड पर आतंकवादियों द्वारा घात तथा कमाचलाऊ विस्फोटक लगाए जाने की पक्की सूचना प्राप्त होने पर उस स्थान के लिए प्रस्थान किया। जब यह टुकड़ी नम्बोल नदी में एरिया पुल के करीब पहुंच रही थी तभी उन्होंने अंधेरे में दो-तीन व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखी तभी उनके अग्रिम स्काउट पर भंयकर गोलीबारी शुरू हो गइ । अग्रिम स्काउट के एकदम पीछे चल रहे मेजर उदय कुमार ने तुरंत जवाबी गोलीबारी की। इस भिड़ंत के परिणामस्वरूप आतंकवादियों के साथ भंयकर गोलीबारी शुरू हो गई।

अदम्य साहस, तुरत बुद्धि का परिचय देते हुए तथा अपने जीवन की तनिक भी परवाह न करते हुए मेजर यादव गोली चलाते हुए तथा अपने साथी की मदद से युद्धक रणनीति का प्रयोग करते हुए आतंकवादियों के करीब पहुंच गए। अत्यंत करीब से भंयकर लड़ाई के बाद मेजर यादव ने दो छुपे आतंकवादियों को अकेले ही मार डाला। इस दुस्साहसिक ऑपरेशन के बाद एक कारबाइन, एक पिस्तौल तथा उनके जिंदा कारतूस और एक रेडियो सेट बराभद किया गया।

मेजर उदय कुमार यादव ने आतंकवादियों से लड़ते हुए असाधारण वीरता, साहस और सैनिकोचित दक्षता का परिचय दिया।

29. **3392132 सिपाही परमजीत सिंह**
सिख/6 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 21 नंवबर, 2002)

सिपाही परमजीत सिंह ने 21 नवंबर, 2002 को जम्मू-कश्मीर के राजवाड़ के रिसनार जंगल में शुरू किए गए तलाशी तथा सफाया आपरेशन में भाग लिया ।

तलाशी के दौरान लगभग 1715 बजे सिपाही परमजीत सिंह को घनी झाड़ियों के बीच आतंकवादियों के गुप्त भूमिगत ठिकाने का पता लगा । जब इस क्षेत्र की घेराबंदी की जा रही थी तभी तीन आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों की भारी गोलीबारी की आड़ में बच निकलने का प्रयास किया । सिपाही परमजीत सिंह को गोलियों की आरंभिक बौछार आ लगी परंतु यह महसूस करते हुए कि आतंकवादियों को बच निकलने से रोकने का दारोमदार उनकी कार्रवाई पर ही है, उन्होंने तुरंत अचूक गोलीबारी करते हुए उनमें से एक को मौके पर ही मार डाला तथा अन्य दो को गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा उनको ठिकाने में वापिस घुसने के लिए मजबूर कर दिया । गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद भी गोलीबारी से उनको उलझाए रखा जिससे रात होने से पहले ही घेरा डाला जा सका । सिपाही परमजीत सिंह इसके बाद अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए । 22 नवंबर, 2002 को आतंकवादियों के ठिकाने को नष्ट कर दिया गया तथा तीन आतंकवादियों के शव बरामद किए गए ।

इस प्रकार, सिपाही परमजीत सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते हुए असाधारण वीरता, दृढ़निश्चय तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना सर्वोच्च बलिदान दिया ।

30. **2491896 सिपाही सुखराज सिंह**
16 पंजाब

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 नंवबर, 2002)

दारंग असम के मांतिकिरि जनरल एरिया के एक खाली घर में आतंकवादियों की उपस्थिति की पक्की सूचना के आधार पर एक दबिश दी गई थी।

